# TOPPERSEXAM.COM

24-07-2026





# CURRENT AFFAIRS





## HIGHLIGHTS

- INTERNATIONAL NEWS
- NATIONAL AFFAIRS
- BANKING NEWS
- AWARDS NEWS
- DEFENCE NEWS
- SPORTS NEWS
- SCI-TECH NEWS

7891099005, 7891099006

## TODAY NEWS HIGHLIGHT

- मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना (MAAY): राजस्थान में सार्वभौमिक स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में बड़ा कदम
- ऑपरेशन सदर्न रेडीनेस 26-2: भारत की समुद्री सुरक्षा कूटनीति और हिंद महासागर में रणनीतिक नेतृत्व
- मध्य प्रदेश समान नागरिक संहिता (UCC) विधेयक, 2026: समान नागरिक कानून की दिशा में एक नया कदम
- IIT कानपुर में ग्रीन हाइड्रोजन उत्कृष्टता केंद्र (ECOGEN): भारत की स्वच्छ ऊर्जा एवं नेट-ज़ीरो रणनीति को नई गति
- ठाणे क्रीक फ्लेमिंगो अभयारण्य: भारत का पहला AI-संचालित पक्षी अभयारण्य और वन्यजीव संरक्षण में नई पहल
- ब्रिटेन के पहले कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) मंत्री बने कनिष्क नारायण: वैश्विक AI शासन की दिशा में नई पहल
- फ्रांस का ऐतिहासिक डिजिटल सुरक्षा कानून: 15 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर प्रतिबंध
- अंतर्राष्ट्रीय स्व-देखभाल दिवस (International Self-Care Day): निवारक स्वास्थ्य एवं स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने की वैश्विक पहल

## 1. मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना (MAAY): राजस्थान मे सार्वभौमिक स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा मे बड़ा कदम

मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना (MAAY) राजस्थान सरकार की प्रमुख स्वास्थ्य बीमा योजना है, जिसे पहले मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के नाम से संचालित किया जाता था। इसके तहत पात्र परिवारों को प्रति वर्ष ₹25 लाख तक का कैशलेस स्वास्थ्य बीमा, ₹10 लाख का दुर्घटना बीमा तथा 1,700 से अधिक उपचार पैकेजों का लाभ सूचीबद्ध सरकारी एवं निजी अस्पतालों में उपलब्ध कराया जाता है। योजना में जन आधार कार्ड से जुड़े सभी परिवार सदस्य बिना आयु सीमा के शामिल हैं तथा पात्र वर्गों को निःशुल्क और अन्य परिवारों को ₹850 वार्षिक अंशदान पर लाभ मिलता है।





## 2. ऑपरेशन सदर्न रेडीनेस 26-2: भारत की समुद्री सुरक्षा कूटनीति और हिंद महासागर मे रंणनीतिक नेतृत्व

भारतीय नौसेना ने कोच्चि स्थित दक्षिणी नौसेना कमान में ऑपरेशन सदर्न रेडीनेस 26-2 नामक बहुराष्ट्रीय समुद्री सुरक्षा प्रशिक्षण अभ्यास का शुभारंभ किया है, जिसमें 26 देशों के 254 प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। यह अभ्यास संयुक्त समुद्री बल (CMF) और संयुक्त कार्य बल-154 (CTF-154) के सहयोग से क्षमता निर्माण, अंतरसंचालनीयता तथा समुद्री सुरक्षा सहयोग को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। वर्ष 2026 में पहली बार इस अभ्यास की मेजबानी भारत कर रहा है तथा भारतीय नौसेना वर्तमान में CTF-154 का नेतृत्व भी कर रही है। यह पहल भारत की SAGAR नीति, इंडो-पैसिफिक रणनीति तथा हिंद महासागर क्षेत्र में 'नेट सिक्योरिटी प्रोवाइडर' के रूप में उसकी भूमिका को और मजबूत करती है।




## 3. मध्य प्रदेश समान नागरिक संहिता (UCC) विधेयक, 2026: समान नागरिक कानून की दिशा मे एक नया कदम

मध्य प्रदेश मंत्रिमंडल ने समान नागरिक संहिता (UCC) विधेयक, 2026 को मंजूरी दे दी है, जिससे राज्य उत्तराखंड, गुजरात और असम के बाद UCC लागू करने की दिशा में आगे बढ़ने वाला चौथा राज्य बन गया है। यह विधेयक विवाह, तलाक, उत्तराधिकार, दत्तक ग्रहण, भरण-पोषण तथा लिव-इन रिलेशनशिप से जुड़े नागरिक कानूनों में समानता स्थापित करने का प्रयास करता है तथा इसका संवैधानिक आधार अनुच्छेद 44 (राज्य के नीति-निर्देशक तत्व) में निहित है। विधेयक में सभी धर्मों के लिए विवाह पंजीकरण अनिवार्य, लिव-इन संबंधों का पंजीकरण, पुत्र-पुत्री को समान संपत्ति अधिकार तथा एकविवाह को मानक बनाने का प्रावधान किया गया है।




## 4. IIT कानपुर मे ग्रीन हाइड्रोजन उत्कृष्टता केद्रं (ECOGEN): भारत की स्वच्छ ऊर्जा एवं नेट-ज़ीरो रणनीति को नई गति

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) कानपुर में ECOGEN (ग्रीन हाइड्रोजन उत्कृष्टता केंद्र) की स्थापना उत्तर प्रदेश ग्रीन हाइड्रोजन नीति, 2024 के तहत की जाएगी, जिसका उद्देश्य हरित हाइड्रोजन प्रौद्योगिकी एवं अनुसंधान को बढ़ावा देना है। यह केंद्र ग्रीन हाइड्रोजन के उत्पादन, भंडारण, उपयोग, सिस्टम इंटीग्रेशन तथा फ्यूल सेल जैसी उन्नत तकनीकों पर कार्य करेगा और उद्योग, अकादमिक संस्थानों तथा नीति निर्माताओं के बीच सहयोग को मजबूत करेगा। यह पहल राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के अनुरूप स्वच्छ ऊर्जा, ऊर्जा आत्मनिर्भरता, औद्योगिक निवेश और कार्बन उत्सर्जन में कमी को बढ़ावा देगी।



## 5. ठाणे क्रीक फ्लेमिंगो अभयारण्य: भारत का पहला AI-संचालित पक्षी अभयारण्य और वन्यजीव संरक्षण मे नई पहल




महाराष्ट्र सरकार ने ठाणे क्रीक फ्लेमिंगो अभयारण्य (TCFS) में लगभग ₹45 करोड़ की लागत से भारत का पहला AI-आधारित पक्षी अभयारण्य विकसित करने को मंजूरी दी है। इस परियोजना के तहत AI-सक्षम कैमरों और स्मार्ट निगरानी प्रणाली के माध्यम से पक्षी प्रजातियों की पहचान, प्रवास, संख्या एवं गतिविधियों की वास्तविक समय में निगरानी की जाएगी। ठाणे क्रीक फ्लेमिंगो अभयारण्य भारत का पहला फ्लेमिंगो अभयारण्य तथा मध्य एशियाई फ्लाईवे का महत्वपूर्ण पड़ाव है, जो प्रवासी पक्षियों और आर्द्रभूमि संरक्षण के लिए अत्यंत महत्त्वपूर्ण है।

## 6. ब्रिटेन के पहले कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) मंत्री बने कनिष्क नारायण: वैश्विक AI शासन की दिशा मे नंई पहल



भारतीय मूल के कनिष्क नारायण को ब्रिटेन का पहला कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) मंत्री नियुक्त किया गया है, जिसका उद्देश्य AI नीति, डिजिटल शासन, तकनीकी नवाचार और AI नियमन को सुदृढ़ करना है। बिहार के मुजफ्फरपुर में जन्मे कनिष्क नारायण ने ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय और स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय से शिक्षा प्राप्त की तथा सार्वजनिक नीति एवं प्रौद्योगिकी क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। AI मंत्री के रूप में वे सुरक्षित एवं उत्तरदायी AI को बढ़ावा देने, सार्वजनिक सेवाओं में AI के उपयोग का विस्तार करने तथा प्रभावी नियामक ढांचा विकसित करने का कार्य करेंगे।

## 7. फ्रांस का ऐतिहासिक डिजिटल सुरक्षा कानून: 15 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर प्रतिबंध



फ्रांस ने 15 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए सोशल मीडिया उपयोग पर प्रतिबंध लगाने वाला नया कानून पारित किया है, जिससे वह यूरोप का पहला देश बन गया है जिसने ऐसा राष्ट्रव्यापी आयु-आधारित प्रतिबंध लागू किया है। कानून के तहत सितंबर 2026 से नए खातों तथा जनवरी 2027 से सभी मौजूदा खातों के लिए आयु सत्यापन अनिवार्य होगा। इसका उद्देश्य बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य की रक्षा करना, साइबर बुलिंग, ऑनलाइन शोषण और हानिकारक डिजिटल सामग्री से सुरक्षा प्रदान करना है। हालांकि, डेटा गोपनीयता, आयु सत्यापन की विश्वसनीयता और फर्जी पहचान के उपयोग जैसी चुनौतियाँ इसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए महत्वपूर्ण मुद्दे बनी हुई हैं।

## 8. अंतर्राष्ट्रीय स्व-देखभाल दिवस (International Self-Care Day): निवारक स्वास्थ्य एवं स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने की वैश्विक पहल




अंतर्राष्ट्रीय स्व-देखभाल दिवस प्रत्येक वर्ष 24 जुलाई को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा निवारक स्वास्थ्य सेवाओं को प्रोत्साहित करना है। स्व-देखभाल में संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, पर्याप्त नींद, मानसिक तनाव प्रबंधन, व्यक्तिगत स्वच्छता, समय पर स्वास्थ्य जांच और जिम्मेदार दवा उपयोग शामिल हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) स्व-देखभाल को सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज (UHC) को सुदृढ़ करने का महत्वपूर्ण माध्यम मानता है। भारत में आयुष्मान भारत, फिट इंडिया आंदोलन, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और ईट राइट इंडिया जैसी पहलें स्वस्थ जीवनशैली एवं निवारक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

**1. मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना (MAAY) पहले किस नाम से संचालित की जाती थी ?**

A - भामाशाह स्वास्थ्य बीमा योजना
B - मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना
C - आयुष्मान भारत योजना
D - जन आरोग्य सुरक्षा योजना

मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना (MAAY) राजस्थान सरकार की प्रमुख स्वास्थ्य बीमा योजना है, जिसके तहत पात्र परिवारों को प्रति वर्ष ₹25 लाख तक का कैशलेस स्वास्थ्य बीमा एवं ₹10 लाख का दुर्घटना बीमा उपलब्ध कराया जाता है। यह योजना पहले मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के नाम से संचालित होती थी और सार्वभौमिक स्वास्थ्य सुरक्षा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से लागू की गई है।


**2. ऑपरेशन सदर्न रेडीनेस 26-2 का आयोजन भारत मे कहाँ किया जा रहा है ?**



A - विशाखापत्तनम
B - मुंबई
C - कोच्चि
D - चेन्नई

भारतीय नौसेना ने कोच्चि स्थित दक्षिणी नौसेना कमान मे ऑपरेशन सदर्न रेडीनेस 26-2 नामक बहुराष्ट्रीय समुद्री सुरक्षा प्रशिक्षण अभ्यास का शुभारंभ किया है, जिसमे 26 देशों के 254 प्रतिनिधि भाग ले रहे है। यह अभ्यास CMF और CTF-154 के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है तथा पहली बार भारत इसकी मेजबानी कर रहा है, जिससे हिंद महासागर क्षेत्र मे भारत की रणनीतिक भूमिका और मजबूत हुई है।

**3. मध्य प्रदेश समान नागरिक संहिता (UCC) विधेयक, 2026 को मंजूरी देने वाला देश का कौन-सा राज्य बना है ?**



A - दूसरा
B - तीसरा
C - चौथा
D - पाँचवाँ

मध्य प्रदेश मंत्रिमंडल ने समान नागरिक संहिता (UCC) विधेयक, 2026 को मंजूरी दी है, जिससे राज्य UCC लागू करने की दिशा मे आगे बढ़ने वाला देश का चौथा राज्य बन गया है। यह विधेयक अनुच्छेद 44 पर आधारित है तथा विवाह, तलाक, उत्तराधिकार, लिव-इन संबंधों और संपत्ति अधिकारों मे समानता सुनिश्चित करते हुए ST एवं PVTG समुदायों को छूट प्रदान करता है।

**4. ECOGEN (ग्रीन हाइड्रोजन उत्कृष्टता केंद्रं) की स्थापना कहाँ की जाएगी ?**



A - IIT दिल्ली
B - IIT बॉम्बे
C - IIT कानपुर
D - IIT मद्रास

IIT कानपुर मे उत्तर प्रदेश ग्रीन हाइड्रोजन नीति, 2024 के तहत ECOGEN (ग्रीन हाइड्रोजन उत्कृष्टता केंद्रं) स्थापित किया जाएगा, जो ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन, भंडारण, उपयोग और उन्नत तकनीकों पर अनुसंधान को बढ़ावा देगा। यह पहल राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के अनुरूप स्वच्छ ऊर्जा, ऊर्जा आत्मनिर्भरता, कार्बन उत्सर्जन मे कमी तथा भारत को वैश्विक ग्रीन हाइड्रोजन हब बनाने की दिशा मे महत्वपूर्ण कदम है।

**5. भारत का पहला AI-आधारित पक्षी अभयारण्य कहाँ विकसित किया जाएगा ?**

A - केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान, राजस्थान
B - चिल्का झील, ओडिशा
C - ठाणे क्रीक फ्लेमिंगो अभयारण्य (TCFS), महाराष्ट्र
D - नल सरोवर पक्षी अभयारण्य, गुजरात

महाराष्ट्र सरकार ने लगभग ₹45 करोड़ की लागत से ठाणे क्रीक फ्लेमिंगो अभयारण्य (TCFS) मे भारत का पहला AI-आधारित पक्षी अभयारण्य विकसित करने को मंजूरी दी है। यह परियोजना AI-सक्षम निगरानी प्रणाली के माध्यम से प्रवासी पक्षियों की वास्तविक समय मे निगरानी कर जैव विविधता संरक्षण, वैज्ञानिक अनुसंधान और इको-टूरिज्म को बढ़ावा देगी।



**6. हाल ही मे ब्रिटेन का पहला कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) मंत्री किसे नियुक्त किया गया है ?**

A - ऋषि सुनक
B - कनिष्क नारायण
C - प्रीती पटेल
D - आलोक शर्मा

भारतीय मूल के कनिष्क नारायण को ब्रिटेन का पहला कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) मंत्री नियुक्त किया गया है, जो AI नीति, डिजिटल शासन, तकनीकी नवाचार और AI नियमन को सुदृढ़ करेगें। उनकी नियुक्ति ब्रिटेन की सुरक्षित एवं उत्तरदायी AI, डिजिटल अर्थव्यवस्था और वैश्विक तकनीकी नेतृत्व को बढ़ावा देने की रणनीति का महत्वपूर्ण हिस्सा है।



**7. 15 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए सोशल मीडिया उपयोग पर राष्ट्रव्यापी प्रतिबंध लगाने वाला यूरोप का पहला देश कौन-सा है ?**

A - जर्मनी
B - फ्रांस
C - इटली
D - स्पेन

फ्रांस 15 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए सोशल मीडिया उपयोग पर राष्ट्रव्यापी आयु-आधारित प्रतिबंध लागू करने वाला यूरोप का पहला देश बन गया है। इस कानून का उद्देश्य बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य की सुरक्षा, साइबर बुलिंग एवं ऑनलाइन शोषण पर रोक लगाना है, जिसके तहत आयु सत्यापन अनिवार्य किया जाएगा।




**8. विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) स्व-देखभाल को किससे सुदृढ़ रूप से जोड़ता है ?**

A - सतत विकास लक्ष्य (SDGs)
B - सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज (UHC)
C - पेरिस समझौता
D - ग्लोबल हेल्थ सिक्योरिटी एजेडां

अंतर्राष्ट्रीय स्व-देखभाल दिवस प्रत्येक वर्ष 24 जुलाई को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा निवारक स्वास्थ्य सेवाओं को प्रोत्साहित करना है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) स्व-देखभाल को सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज (UHC) को सुदृढ़ करने का महत्वपूर्ण माध्यम मानता है, जबकि भारत मे आयुष्मान भारत, फिट इंडिया और ईट राइट इंडिया जैसी पहले इसे बढ़ावा देती है।



# One Liner

1. भारत का पहला AI-आधारित पक्षी अभयारण्य किस अभयारण्य मे विकसित किया जाएगा ? - ठाणे क्रीक फ्लेमिंगो अभयारण्य (TCFS), महाराष्ट्र ।

2. ऑपरेशन सदर्न रेडीनेस 26-2 के दौरान भारतीय नौसेना वर्तमान मे किस संयुक्त कार्य बल (Combined Task Force) का नेतृत्व कर रही है ? - संयुक्त कार्य बल-154 (CTF-154) ।

3. ऑपरेशन सदर्न रेडीनेस 26-2 का आयोजन भारतीय नौसेना की किस कमान मे किया जा रहा है ? - दक्षिणी नौसेना कमान, कोच्चि ।

4. मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना (MAAY) पहले किस नाम से संचालित की जाती थी ? - मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना ।

5. IIT कानपुर मे स्थापित होने वाले ग्रीन हाइड्रोजन उत्कृष्टता केद्रं का नाम क्या है ? - ECOGEN (ग्रीन हाइड्रोजन उत्कृष्टता केद्रं) ।

6. अंतर्राष्ट्रीय स्व-देखभाल दिवस प्रत्येक वर्ष कब मनाया जाता है ? - 24 जुलाई ।

7. विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) स्व-देखभाल को किस लक्ष्य को सुदृढ़ करने का महत्वपूर्ण माध्यम मानता है ? - सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज (Universal Health Coverage–UHC) ।

8. 15 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए सोशल मीडिया उपयोग पर राष्ट्रव्यापी आयु-आधारित प्रतिबंध लागू करने वाला यूरोप का पहला देश कौन-सा है ? - फ्रांस ।

9. मध्य प्रदेश द्वारा प्रस्तावित समान नागरिक संहिता (UCC) का संवैधानिक आधार किस अनुच्छेद मे निहित है ? - अनुच्छेद 44 ।

10. ब्रिटेन के पहले कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) मंत्री के रूप मे किस भारतीय मूल के व्यक्ति को नियुक्त किया गया है ? - कनिष्क नारायण ।

# TOPPERSEXAM.COM

24-07-2026





# CURRENT AFFAIRS





## HIGHLIGHTS

- INTERNATIONAL NEWS
- NATIONAL AFFAIRS
- BANKING NEWS
- AWARDS NEWS
- DEFENCE NEWS
- SPORTS NEWS
- SCI-TECH NEWS

7891099005, 7891099006

# TODAY NEWS HIGHLIGHT

- Chief Minister Ayushman Arogya Yojana (MAAY): A major step towards universal health coverage in Rajasthan
- Operation Southern Readiness 26-2: India's Maritime Security Diplomacy and Strategic Leadership in the Indian Ocean
- Madhya Pradesh Uniform Civil Code (UCC) Bill, 2026: A new step towards uniform civil law
- Centre of Excellence for Green Hydrogen (ECOGEN) at IIT Kanpur: Giving New Momentum to India's Clean Energy and Net-Zero Strategy
- Thane Creek Flamingo Sanctuary: India's first AI-powered bird sanctuary and a new initiative in wildlife conservation
- Kanishka Narayan appointed UK's first Artificial Intelligence (AI) Minister: New initiative towards global AI governance
- France's landmark digital security law bans social media access for children under 15
- International Self-Care Day: A global initiative to promote preventive health and a healthy lifestyle

### 1. Chief Minister Ayushman Arogya Yojana (MAAY): A Major Step Towards Universal Health Coverage in Rajasthan


**The Chief Minister Ayushman Arogya Yojana (MAAY) is a flagship health insurance scheme of the Rajasthan government, formerly known as the Chief Minister Chiranjeevi Health Insurance Scheme. Under this scheme, eligible families receive cashless health insurance coverage of up to ₹25 lakh per year, accident insurance of ₹10 lakh, and access to over 1,700 treatment packages at empanelled government and private hospitals. All family members linked to the 'Jan Aadhaar' card are covered regardless of age; eligible categories receive benefits free of cost, while other families can avail of the benefits by making an annual contribution of ₹850.**

### 2. Operation Southern Readiness 26-2: India's Maritime Security Diplomacy and Strategic Leadership in the Indian Ocean




**The Indian Navy has launched a multinational maritime security training exercise named 'Operation Southern Readiness 26-2' at the Southern Naval Command in Kochi, with 254 delegates from 26 countries participating. This exercise is being conducted in collaboration with the Combined Maritime Forces (CMF) and Combined Task Force-154 (CTF-154) with the aim of strengthening capacity building, interoperability, and maritime security cooperation. India is hosting this exercise for the first time in 2026, and the Indian Navy is currently leading CTF-154.**

### 3. Madhya Pradesh Uniform Civil Code (UCC) Bill, 2026: A New Step Towards Uniform Civil Laws




**The Madhya Pradesh Cabinet has approved the Uniform Civil Code (UCC) Bill, 2026, making the state the fourth—following Uttarakhand, Gujarat, and Assam—to move towards implementing the UCC. This Bill seeks to establish uniformity in civil laws concerning marriage, divorce, inheritance, adoption, maintenance, and live-in relationships; its constitutional basis lies in Article 44 (Directive Principles of State Policy). The Bill mandates marriage registration for all religions, requires the registration of live-in relationships, grants equal property rights to sons and daughters, and establishes monogamy as the standard.**

### 4. Centre of Excellence for Green Hydrogen (ECOGEN) at IIT Kanpur: Boosting India's Clean Energy and Net-Zero Strategy




**ECOGEN (Centre of Excellence on Innovative and Integrated Ecosystem for Green Hydrogen) will be established at the Indian Institute of Technology (IIT) Kanpur under the Uttar Pradesh Green Hydrogen Policy, 2024, with the aim of promoting green hydrogen technology and research. The center will work on advanced technologies such as green hydrogen production, storage, utilization, system integration, and fuel cells, while strengthening collaboration among industry, academia, and policymakers. Aligned with the National Green Hydrogen Mission, this initiative will foster clean energy, energy self-reliance, industrial investment, and the reduction of carbon emissions.**

## 5. Thane Creek Flamingo Sanctuary: India's First AI-Powered Bird Sanctuary and a New Initiative in Wildlife Conservation

The Maharashtra government has approved the development of India's first AI-based bird sanctuary at the Thane Creek Flamingo Sanctuary (TCFS) at a cost of approximately ₹45 crore. Under this project, real-time monitoring of bird species—including their identification, migration patterns, population counts, and activities—will be conducted using AI-enabled cameras and smart surveillance systems. TCFS is India's first flamingo sanctuary and a crucial stopover on the Central Asian Flyway, making it vital for the conservation of migratory birds and wetlands.



## 6. Kanishka Narayan Becomes Britain's First Artificial Intelligence (AI) Minister: A New Initiative Towards Global AI Governance

Kanishka Narayan, of Indian origin, has been appointed as Britain's first Artificial Intelligence (AI) Minister, with the aim of strengthening AI policy, digital governance, technological innovation, and AI regulation. Born in Muzaffarpur, Bihar, Narayan was educated at Oxford and Stanford universities and has made significant contributions to the fields of public policy and technology. As the AI Minister, he will work towards promoting safe and responsible AI, expanding the use of AI in public services, and developing an effective regulatory framework.



## 7. France's Historic Digital Safety Law: Ban on Social Media for Children Under 15

France has passed a new law banning social media use for children under the age of 15, making it the first country in Europe to implement such a nationwide age-based restriction. Under the law, age verification will become mandatory for new accounts starting September 2026 and for all existing accounts from January 2027. The initiative aims to protect children's mental health and safeguard them against cyberbullying, online exploitation, and harmful digital content. However, challenges such as data privacy, the reliability of age verification methods, and the use of fake identities remain significant issues for its effective implementation.



## 8. International Self-Care Day: A Global Initiative to Promote Preventive Health and Healthy Lifestyles

International Self-Care Day is observed annually on July 24th, aiming to raise awareness about physical, mental, and emotional health and to encourage preventive healthcare services. Self-care encompasses a balanced diet, regular exercise, adequate sleep, mental stress management, personal hygiene, timely health check-ups, and responsible medication use. The World Health Organization (WHO) recognizes self-care as a crucial means to strengthen Universal Health Coverage (UHC).



TOPPERSEXAM.COM

**1. Under what name was the Chief Minister Ayushman Arogya Yojana (MAAY) previously operated?**

A - Bhamashah Swasthya Bima Yojana

B - Chief Minister Chiranjeevi Health Insurance Scheme (Mukhyamantri Chiranjeevi Swasthya Bima Yojana)

C - Ayushman Bharat Yojana

D - Jan Arogya Suraksha Yojana

The Chief Minister Ayushman Arogya Yojana (MAAY) is a flagship health insurance scheme of the Rajasthan government, under which eligible families are provided cashless health insurance of up to ₹25 lakh per year and accident insurance of ₹10 lakh.

**2. Where is 'Operation Southern Readiness 26-2' being organized in India?**



A - Visakhapatnam


B - Mumbai

C - Kochi

D - Chennai

The Indian Navy has launched the multinational maritime security training exercise 'Operation Southern Readiness 26-2' at the Southern Naval Command in Kochi, with 254 representatives from 26 countries participating. This exercise is being conducted in collaboration with CMF and CTF-154; India is hosting it for the first time, thereby further strengthening its strategic role in the Indian Ocean region.

**3. Which state in the country has become the [number] state to approve the Madhya Pradesh Uniform Civil Code (UCC) Bill, 2026?**



A - Second

B - Third

C - Fourth

D - Fifth

The Madhya Pradesh Cabinet has approved the Uniform Civil Code (UCC) Bill, 2026, making the state the fourth in the country to move towards implementing the UCC. This bill is based on Article 44 and grants exemptions to ST and PVTG communities while ensuring equality in matters of marriage, divorce, inheritance, live-in relationships, and property rights.

**4. Where will ECOGEN (Centre of Excellence for Green Hydrogen) be established?**



A - IIT Delhi

B - IIT Bombay

C - IIT Kanpur

D - IIT Madras

ECOGEN (Centre of Excellence for Green Hydrogen) will be established at IIT Kanpur under the Uttar Pradesh Green Hydrogen Policy, 2024; it will promote research on green hydrogen production, storage, utilization, and advanced technologies. Aligned with the National Green Hydrogen Mission, this initiative is a significant step towards clean energy, energy self-reliance, carbon emission reduction, and making India a global green hydrogen hub.

**5. Where will India's first AI-based bird sanctuary be developed?**

A - Keoladeo National Park, Rajasthan
B - Chilika Lake, Odisha
C - Thane Creek Flamingo Sanctuary (TCFS), Maharashtra
D - Nal Sarovar Bird Sanctuary, Gujarat

The Maharashtra government has approved the development of India's first AI-based bird sanctuary at the Thane Creek Flamingo Sanctuary (TCFS) at a cost of approximately ₹45 crore. This project will promote biodiversity conservation, scientific research, and eco-tourism by monitoring migratory birds in real-time through an AI-enabled surveillance system.



**6. Who has recently been appointed as Britain's first Artificial Intelligence (AI) Minister?**

A - Rishi Sunak
B - Kanishka Narayan
C - Priti Patel
D - Alok Sharma

Kanishka Narayan, of Indian origin, has been appointed as Britain's first Artificial Intelligence (AI) Minister; he will strengthen AI policy, digital governance, technological innovation, and AI regulation. His appointment is a crucial part of Britain's strategy to promote safe and responsible AI, the digital economy, and global technological leadership.



**7. Which is the first country in Europe to impose a nationwide ban on social media usage for children under the age of 15?**

A - Germany
B - France
C - Italy
D - Spain

France has become the first country in Europe to implement a nationwide age-based ban on social media usage for children under 15. The law aims to protect children's mental health and curb cyberbullying and online exploitation by mandating age verification.




**8. With what does the World Health Organization (WHO) strongly link self-care?**

A - Sustainable Development Goals (SDGs)
B - Universal Health Coverage (UHC)
C - Paris Agreement
D - Global Health Security Agenda

International Self-Care Day is observed annually on July 24, aiming to raise awareness about physical, mental, and emotional health and to encourage preventive health services. The World Health Organization (WHO) considers self-care a vital means of strengthening Universal Health Coverage (UHC), while initiatives in India such as Ayushman Bharat, Fit India, and Eat Right India promote it.



# One Liner

1. When is International Self-Care Day observed every year? - July 24.

2. Under what name was the Chief Minister Ayushman Arogya Yojana (MAAY) previously operated? - Chief Minister Chiranjeevi Health Insurance Scheme.

3. Which is the first country in Europe to implement a nationwide age-based ban on social media usage for children under the age of 15? - France.

4. Under which command of the Indian Navy is 'Operation Southern Readiness 26-2' being conducted? - Southern Naval Command, Kochi.

5. Which goal does the World Health Organization (WHO) consider self-care a crucial means of strengthening? - Universal Health Coverage (UHC).

6. Which person of Indian origin has been appointed as Britain's first Artificial Intelligence (AI) Minister? - Kanishka Narayan.

7. In which Article lies the constitutional basis for the Uniform Civil Code (UCC) proposed by Madhya Pradesh? - Article 44.

8. In which sanctuary will India's first AI-based bird sanctuary be developed? - Thane Creek Flamingo Sanctuary (TCFS), Maharashtra.

9. Which Combined Task Force is the Indian Navy currently leading during 'Operation Southern Readiness 26-2'? - Combined Task Force-154 (CTF-154).

10. What is the name of the Centre of Excellence for Green Hydrogen being established at IIT Kanpur? - ECOGEN (Centre of Excellence for Green Hydrogen).